**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1678**

**(दिनांक 29.07.2026 को उत्तर देने के लिए)**

## तमिलनाडु में सामुदायिक रेडियो स्टेशन

**1678. श्री अ. मनिः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थिति और उनकी पहुंच का कोई आकलन किया है;

(ख) तमिलनाडु में वर्तमान में कार्यशील सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का जिला-वार ब्यौरा क्या है और कौन-कौन से संस्थान उनका संचालन कर रहे हैं और उनके द्वारा कौन-कौन से समुदाय कवर किए गए हैं;

(ग) क्या धर्मपुरी जिले में वर्तमान में कोई सामुदायिक रेडियो स्टेशन कार्यशील है;

(घ) यदि हां, तो इसकी कवरेज, कार्यक्रमों और लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार का इस जिले में एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने का विचार है;

(ङ) तमिलनाडु में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना करने और उन्हें सुदृढ़ करने के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता, क्षमता निर्माण सहायता और नीतिगत प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में सूचना प्रसार हेतु धर्मपुरी सहित अल्पसेवित जिलों में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के विस्तार के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरुगन)**

(क) से (च): सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने "भारत में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की श्रोता संख्या, पहुँच, प्रभावशीलता एवं वित्तीय वहनीयता" पर एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन के माध्यम से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) की स्थिति एवं लोकसंपर्क का आकलन किया है। इस अध्ययन में देशभर के सीआरएस, जिनमें तमिलनाडु में संचालित सामुदायिक रेडियो स्टेशन भी शामिल हैं, की पहुँच, श्रोता संख्या, प्रभावशीलता तथा वित्तीय स्थिरता का मूल्यांकन किया गया है। अध्ययन रिपोर्ट मंत्रालय की वेबसाइट https://mib.gov.in/ पर उपलब्ध है।

तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में स्थित एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन सहित सभी परिचालित सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का अद्यतन विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://mib.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सरकार ने तमिलनाडु सहित पूरे देश में सामुदायिक रेडियो क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक पहल की हैं। सरकार ने "भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहायता" नामक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को ₹50 करोड़ के परिव्यय के साथ आगामी पाँच वर्षों (2026-2031) के लिए विस्तारित किया है। इस स्कीम के अंतर्गत सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना, उपकरणों की खरीद एवं प्रतिस्थापन, सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना तथा सामग्री सृजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु के 06 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को ₹52,58,322/- की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिसमें धर्मपुरी के एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन को ₹10,00,000/- की वित्तीय सहायता भी शामिल है।

सरकार सामुदायिक रेडियो जागरूकता कार्यशालाओं, क्षमता निर्माण कार्यशालाओं तथा सामुदायिक रेडियो सम्मेलनों के आयोजन के माध्यम से भी इस क्षेत्र के विकास को सहायता प्रदान करती है जिनसे सामुदायिक रेडियो क्षेत्र के बारे में जागरूकता, परिचालन क्षमता तथा समग्र विकास में योगदान मिलता हैं।

*****